प्रभारी मंत्री के दौरे पर भारी पड़ी वायरल व्हाट्सएप चैट

मामला जपं मझौली के उपयंत्री द्वारा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में जीआरएस एवं सचिवों से 3-3 हजार की कंसल्टेंट फीस जमा करने के मैसेज से गरमाई सियासत

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। जिले के प्रभारी मंत्री के दौरे पर वायरल व्हाट्सएप चैट भारी पड़ गई। मामला जनपद पंचायत मझौली में पदस्थ उपयंत्री द्वारा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में जीआरएस एवं सचिवों से डाटा फीडिंग हेतु 3-3 हजार की कंसल्टेंट फीस जमा करने के मैसेज से सियासत गरमा गई।

जिले के मझौली में प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के दौरे से पहले व्हाट्सएप चैट के सोशल मीडिया में वायरल होते ही तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। चैट में मझौली जनपद पंचायत के सब इंजीनियर ए.के. दीपांकर और एसडीओ सरिता सिंह पर ग्राम रोजगार सहायकों और सचिवों से 3-3 हजार रुपए चमराडोल एवं परसिली को छोड़कर आज ही जनपद में जमा करने का मैसेज था। प्रभारी मंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले उक्त व्हाट्सएप चैट के वायरल होते ही विवाद खड़ा हो गया। दावा यह किया जाने लगा कि यह राशि मंत्री के व्यवस्थाओं के लिए मझौली क्षेत्र में मांगी गई थी। बताया गया है कि सेक्टर करमाई के नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में यह मैसेज उपयंत्री अनित कुमार दीपांकर द्वारा शेयर किया गया था। कुछ संबंधितों द्वारा जब जानकारी चाही गई तो बताया जा रहा है कि एसडीओ द्वारा भी राशि जमा करने की पुष्टि की गई। जानकारों का कहना है कि मझौली जनपद पंचायत में 53 ग्राम पंचायतें हैं। जिनमें 2 ग्राम पंचायतों चमराडोल एवं परसिली को छोड़कर 51 ग्राम पंचायतों में सचिव एवं रोजगार सहायक पदस्थ है। प्रति पंचायत 3 हजार के मान से 51 ग्राम पंचायतों से करीब डेढ़ लाख की वसूली होनी थी। अब चैट वायरल होने से जिम्मेदार अधिकारी भी पूरी तरह से बचाव की मुद्रा में नजर आ रहे हैं। उनके द्वारा जो भी दलीलें दी जा रही हैं वह भी लोगों की समझ से परे है।

वायरल व्हाट्सएप चैट को लेकर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

मझौली क्षेत्र में प्रभारी मंत्री के दौरे से पूर्व जिस तरह से सोशल मीडिया में आरईएस के उपयंत्री का 3-3 हजार रुपए जीआरएस एवं सचिवों से जमा करने का व्हाट्सएप चैट वायरल हुआ है उसको लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री का कहना है कि जो व्हाट्सएप चैट वायरल हुई है मझौली जनपद पंचायत के करमाई सेक्टर के इंजीनियर और पंचायत सचिव की बताई जा रही है। जिले के प्रभारी मंत्री का रात्रि विश्राम परसिली रेस्टहाउस में था ऐसे में शंका होना जायज है क्योंकि भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार है। उक्त विषय का स्पष्ट होना आवश्यक है।

कांग्रेस का एक सोचा समझा प्लान : दिलीप

जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने वायरल व्हाट्सएप चैट में रुपये जमा कराने की मांग पर मीडिया के सवाल पर कहा कि यह कांग्रेस का एक सोचा समझा प्लान है। वह पहले भी यहां लगातार दौरे पर आते रहे हैं। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या जन प्रतिनिधि नहीं कह सकते कि मंत्री जी के आगमन पर उनके द्वारा कोई व्यवस्था की गई है। यह उन्हें बदनाम करने की साजिश और पार्टी का मनोबल गिराने की साजिश है। संबंधित कर्मचारियों से भी पूंछा जा सकता है। यदि इसमें सच्चाई हुई तो मैं तत्काल कार्यवाही करुंगा।

इनका कहना है

वायरल चैट मैसेज के संबंध में उनका कहना है कि जो मैसेज हमारे कर्मचारी द्वारा किया गया था वह वास्तव में जीआईएस प्लान बनता है उस प्लान को प्लानर्स साफ्टवेयर में अपलोड करने के लिए एक कंसल्टेंसी से सलाह लेने के लिए प्रेषित किया गया था। उस मैसेज का प्रभारी मंत्री या अन्य से कोई संबंध नहीं है।

धनंजय मिश्रा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत सीधी

मेरे ऊपर एलिगेशन लगाया गया है कि जीआरएस एवं सचिवों से 3-3 हजार रुपए मांगा है। यह डायरेक्ट मांग नहीं थी। वह केवल एक मैसेज था। उस मैसेज में जीआईएस के प्लानर कंप्लीट करने के लिए बोला गया था। अपने यहां जीआईएस एक्सपर्ट नहीं हैं, जो प्रभारी मंत्री के लिए बोला गया उसमें हमारा कोई योगदान नहीं है।

श्रीमती सरिता सिंह, एसडीओ आरईएस उप संभाग मझौली

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन द्वारा आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न मांगो का गोपदबनास तहसीलदार को ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

सौंपे गये ज्ञापन में मानदेय को पोषण ट्रेकर, सम्पर्क एप से न जोड़े जाने व सम्पर्क एप बंद किये जाने, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश के आदेश को निरस्त किये जाने एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो को नर्सरी मे परिवर्तित किये जाने व अन्य 20 समस्याओं के निराकरण किये जाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व सीधी जिलाध्यक्ष सत्यभामा सिंह के नेतृत्व मे हजारों कार्यकर्ताओ द्वारा मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शैल मिश्रा, पार्वती साकेत, ममता गुप्ता, सुनीला तिवारी, स्वदेश तिवारी, शीला गुप्ता, रानी बाई बैगा, सुमन शुक्ला, संगीता सिंह, सुशीला साकेत, कविता साहू, आशा सिंह, निर्मला पटेल, गीता शर्मा, तेरसी साकेत, चंद्रकली साकेत, ज्ञानवती यादव, राजकुमारी, बेला पटेल सहित भारी संख्या मे हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

ऋषि तिवारी की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। ऋषिकेश फाउंडेशन के तत्वाधान में न्यायाधीश ऋषि तिवारी की स्मृति में आज 43वें नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन ऋषिकेश आश्रम बड़ा बांध हनुमानगढ़ में किया गया।



इस माह आयोजित हुए शिविर में क्षेत्र के लगभग 50 जरुरतमंदों ने पहुंचकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया। परीक्षण के दौरान 9 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। इन सभी चिन्हित मरीजों को उच्च स्तरीय और नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए ऋषिकेश फाउंडेशन द्वारा सद्गुरु नेत्रालय चित्रकूट के लिए एम्बुलेंस से रवाना किया गया। जिसमें मरीजों के लिए विशेष व्यवस्थाए की। शिविर में आने वाले सभी आगंतुकों के लिए जलपान एवं बिस्किट के पैकेट की व्यवस्था की गई। चित्रकूट जाने वाले मोतियाबिंद के मरीजों के लिए फाउंडेशन द्वारा भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। ऋषिकेश फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आंखों की रोशनी लौटाने का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे हर माह की 10 तारीख को आयोजित होने वाले इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

बच्चों को सड़क पर बैठाकर कक्षा संचालित करने पर दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एवं समाचारों में शासकीय माध्यमिक शाला बंजारी के विद्यार्थियों को सड़क पर बैठाकर कक्षा संचालित किए जाने के मामले में जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सीधी ने प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेश कुमार द्विवेदी तथा माध्यमिक शिक्षक रामदत्त पनिका को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि विद्यालय तक पहुंच मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में संबंधित शिक्षकों द्वारा विभागीय अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दिए बिना बरसात के मौसम में विद्यार्थियों को खुले एवं असुरक्षित स्थान पर बैठाकर कक्षा संचालित की गई, जो विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की दृष्टि से गंभीर लापरवाही है। दोनों शिक्षकों को 13 जुलाई 2026 को सायं 5.30 बजे कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पेंशनर्स की बैठक में धरना प्रदर्शन का लिया गया निर्णय

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन के प्रांताध्यक्ष ओम प्रकाश बुधौलिया के आह्वान पर 22 जुलाई 2026 को भोपाल के अम्बेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाना है। जिसके संबंध में सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 दुर्गा मंदिर प्रांगण में पेंशनर्स पदाधिकारियों एवं पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई।

प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष सीधी देवीचरण शर्मा ने बताया कि भोपाल के अम्बेडकर मैदान 1250 टीटी नगर भोपाल सेवा सदन के सामने आयोजित आंदोलन में सीधी जिले से काफी संख्या में पेंशनर्स 21 जुलाई को सिंगरौली से भोपाल जाने वाली द्रुतगति वाहिनी से सर्राग्राम स्टेशन से भोपाल के लिये रवाना होंगे। बैठक में योगेन्द्र सिंह बाघेल, सत्य प्रसाद शर्मा, बृजेन्द्र बहादुर सिंह, अवधलाल विश्वकर्मा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल रावत, बीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, विश्वनाथ सिंह चौहान, शिवशंकर सिंह, डॉ.शास्त्री प्रसाद मिश्रा, बालेन्दु कुमार वर्मा, उदयभान सिंह सेंगर, राजकुमार सिंह, बृजवासी प्रसाद द्विवेदी, हीरामणि त्रिपाठी, राजराखन चतुर्वेदी, पोलानी कुम्हार आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

दूरस्थ अंचलों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : दिलीप

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने आज धौंहनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चमराडोल में 44 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो महत्वपूर्ण जनहितकारी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने 35 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाट बाजार भवन तथा 9 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, स्थानीय व्यापार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा सामुदायिक भवन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का सशक्त केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज जिले के दूरस्थ, वनांचल एवं आदिवासी बहुल गांवों में भी शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ है। आवास, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं से हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि चमराडोल में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 314 आवास तथा पीएम जनमन योजना के तहत 286 आवास निर्मित किए जा चुके हैं। नवीन सर्वेक्षण में 138 नए पात्र हितग्राहियों को भी चिन्हित किया गया है। साथ ही क्षेत्र के 370 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से 695 महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। 236 परिवारों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं तथा 1,958 आयुष्मान कार्ड बनाकर पात्र परिवारों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा से जोड़ा गया है। इस दौरान उन्होंने ग्राम परसिली की उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की शिकायतों की गंभीरता से जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री तथा विधायक द्वारा परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। म.प्र. शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिले के समग्र, समावेशी एवं दीर्घकालीन विकास को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा विभिन्न विभागों की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 तथा मुख्यमंत्री के विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक जिले का योजनाबद्ध एवं समावेशी विकास आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसमें जन प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं विशेषज्ञ व्यक्तियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति केवल सुझाव देने का मंच नहीं बल्कि जिले के दीर्घकालीन विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी सदस्यों के सुझावों के आधार पर सीधी के विकास का सशक्त रोडमैप तैयार किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों को वर्षा ऋतु के दौरान साफ-सफाई, जल निकासी, नालियों की नियमित सफाई तथा स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु को देखते हुए मौसमी एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि शासन की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे उनका वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंचे। धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने सुझाव दिया कि विकसित सीधी के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत का विकास रोडमैप तैयार किया जाए ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में जिपं अध्यक्ष मंजू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान सहित समिति के सदस्यों ने भी विकास संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

जिले को विकास के लिये स्थापित करने होंगे नए मानक : रीती

बैठक में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीधी जिले को भी विकास के नए मानक स्थापित करने होंगे। इसके लिए दीर्घकालीन सोच के साथ आज से ही ठोस तैयारी प्रारंभ करनी होगी।

डॉ .सुप्रिया सिंह को मिला कुसमी बीएमओ का प्रभार

नवभारत न्यूज

कुसमी 10 जुलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी में पदस्थ चिकित्सक डॉ.सुप्रिया सिंह को जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले यह दायित्व डॉ.विकेट सिंह के पास था।

प्रभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ.सुप्रिया सिंह ने कहा कि विकासखंड कुसमी के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ मातृ मृत्यु दर में कमी लाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। डॉ.सुप्रिया ने बताया कि क्षेत्र की महिलाओं में सिकल सेल एनीमिया की पहचान एवं जांच अभियान पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य समितियों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कुसमी विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जाएगा।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की किसान हितैषी योजनाओं से खेती बन रहा लाभ का व्यवसाय : दिलीप

कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का मझौली में भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 10 जुलाई। कृषक कल्याण वर्ष-2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन विकासखंड मझौली में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले में जिले के विभिन्न विकासखंडों से बड़ी संख्या में किसान, महिला किसान, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं, कृषि वैज्ञानिक, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, कृषि विविधीकरण, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने तथा कृषि को आधुनिक, वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार भी किसान हित में प्रभावी निर्णय लेते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभारी मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से परंपरागत खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन, फलोद्यान, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि विविधीकरण से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि सीधी जिला मुख्य रूप से कृषि आधारित जिला है जहां कृषि एवं उससे जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उप संचालक कृषि आर.एस.गुप्ता ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। परियोजना अधिकारी शैलेश पांडेय ने विकसित भारत जी-रामजी योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्रामीण आजीविका एवं रोजगार अवसरों पर प्रकाश डाला। विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित गतिविधियों एवं स्वसहायता समूहों की उपलब्धियों की जानकारी दी।

कृषि क्षेत्र में महिलाओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : कुंवर

धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने म .प्र . राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी स्वसहायता समूहों की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण एवं बेहतर विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने तथा मझौली क्षेत्र में मृदा परीक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। विधायक ने क्षेत्र में चार नए आजीविका भवन स्थापित किए जाने की घोषणा भी की।